

दिनभर की तपन के बाद शनिवार देर शाम मौसम पलटा। बारिश होने से लोगों को राहत मिली। -नवज्योति

दिनभर तपिश, रात को बारिश

दिन का पारा 41.7 डिग्री पहुंचा

कार्स/अजमेर। शहर में शनिवार को भी गर्मी से लोगों का हाल बेहाल रहा। पहली बार इस सीजन में दिन का पारा 41.7 डिग्री तक पहुंच गया। दिन के पारे में 0.3 व रात के पारे में 1.4 डिग्री की बढ़ोत्तरी दर्ज हुई। दिनभर चिलचिलाती धूप ने लोगों के पसीने छुड़ाए। शाम को गर्म हवाओं ने परेशान किया। देर रात करीब 9 बजे तेज गड़गड़ाहट के साथ कुछ देर के लिए तेज बारिश शुरू हुई। बाद में रुक-रुककर बूंदाबांदी होती रही। सुबह सूर्य निकलने के साथ ही गर्मी का असर शुरू हो गया। दिन का पारा 41.4 डिग्री से उछलकर 41.7 डिग्री पहुंच गया। पंखे व कूलर भी लोगों को राहत नहीं दे सके। भीषण गर्मी के चलते बाजारों में चहलपहल कम दिखाई दी। लोगों ने गर्मी से बचने के लिए ठंडे पेय पदार्थों का सेवन किया। हालांकि रात का पारा 26 डिग्री से बढ़कर 27.4 डिग्री पर पहुंच गया। सुबह वातावरण में 37 व शाम को 22 प्रतिशत आर्द्रता रही। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में गर्मी से कोई राहत नहीं मिलेगी, पारे में और बढ़ोत्तरी हो सकती है।



भोपों का बाड़ा क्षेत्र में बिजली गिरी, पेड़ धराशायी

बारिश के दौरान वार्ड संख्या 62 स्थित रामदेव मंदिर के पीछे, हौज की डूंगरी भोपों का बाड़ा क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरी। वहीं तेज हवा से एक जगह पेड़ गिर गया। क्षेत्रवासियों की सूचना पर टाटा पावर की टीम मौके पर पहुंची। बिजली गिरने से नगर निगम की स्ट्रीट रोड लाइट के कांच फूट कर सड़क पर बिखर गए। कई घरों में इलेक्ट्रॉनिक आइटम खराब होने की खबर है। किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। मीठा कुआं भोपों का बाड़ा में तेज बारिश और तूफानी हवाओं से पेड़ धराशायी हो गया।

बच्चों में पढ़ने की क्षमता की जांच 4 से

अजमेर। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा विभाग, बीकानेर द्वारा कक्षा 3 से 8 के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी विषय का ओरल रिडिंग फ्लूएंसी (ओआरएफ) कार्यक्रम 4 से 7 मई तक आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों की अंग्रेजी पढ़ने की क्षमता, उच्चारण और प्रवाह को जांचने के लिए शालादर्पण शिक्षक एप के माध्यम से कराया जाएगा।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के तहत विद्यार्थियों की भाषा दक्षता को मजबूत करना है। शिक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सभी विद्यार्थियों की जानकारी समय पर अपडेट करें तथा 1 मई तक आवश्यक तैयारी पूरी करें, ताकि मूल्यांकन प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सके। विभाग के अनुसार, यह मौखिक पठन प्रवाह विद्यार्थियों की वास्तविक पढ़ने की क्षमता को मापने और आगे सुधारात्मक शिक्षण की योजना बनाने में सहायक होगा। राजस्थान में ओआरएफ अभियान पहले भी बड़े स्तर पर चलाया गया है, जिसमें लाखों विद्यार्थियों का एआई आधारित मूल्यांकन किया गया था।

जीवंत नाट्य प्रस्तुतियों ने किया प्रभावित

मयूर स्कूल में 16 वीं अंतर्सदन हिन्दी एकांकी प्रतियोगिता का समापन

दूसरे दिन चितौड़गढ़ व कुंभलगढ़ हाउस की शानदार प्रस्तुतियां



कार्स/अजमेर। मयूर स्कूल में शनिवार को 16वीं अंतर्सदन हिंदी एकांकी प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता का विषय बेताल पच्चीसी रहा। शनिवार को दूसरे दिन चितौड़गढ़ व कुंभलगढ़ हाउस ने नाटकों की जीवंत प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। निर्णायक मंडल में कलाकार यॉवी जोज़ें, राजेंद्र व अनंत भटनागर शामिल रहे। चितौड़गढ़ हाउस ने 'सबसे कोमल कौन' नामक एकांकी की प्रस्तुति दी। विक्रम बेताल की कहानियों से प्रेरित सबसे कोमल कौन एक ऐसी एकांकी है, जो पुरुषों के गुणों को प्रस्तुत करते हुए यह बताती है कि कोमलता केवल स्त्रियों तक सीमित नहीं, बल्कि पुरुषों में भी होती है। इसका निर्देशन रिया जैन ने किया। काव्यम, रिया, नेहल, कियान, राघव, सक्षम, चार्वी, आराध्या, हर्श, वंधिका, आधार, निर्भय, सात्विक ने अभिनय किया। इसी प्रकार कुंभलगढ़ हाउस ने दोषी कौन नामक एकांकी की जानदार प्रस्तुति दी। जिसमें राजकुमार वज्रमुकुट, पद्मावती के प्रेम में आकर एक ऐसी यात्रा पर निकलता है जहां हर मोड़ नई पहेली बन जाता है। राजकुमार वज्रमुकुट और उसका अभिन्न मित्र बुद्धिशरीर साथ मिलकर इन संकटों और पहेलियों की गुत्थी सुलझाते हैं। नाटक का निर्देशन नैना वालिया ने किया। धान्य, वीर, उधांशु, रिजुल, सान्वी, भव्या, अगस्त्य, सान्वी, देश, राजसिंह, ज्ञवि ने अभिनय किया। संचालन भुवि मिश्रा व अनन्या अग्रवाल ने किया।

विजेताओं का सम्मान: सभी निर्णायकों ने अपने उद्बोधन में बच्चों के परिश्रम व प्रयास को खूब सराहा। प्रतियोगिता प्रभारी शिवानी झा ने परिणामों की घोषणा की। निर्णायकों व प्रचार्य संजय खाती ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर उपाचार्या सिंधु चतुर्वेदी, अभिभावक, स्कूल स्टाफ व कक्षा 11 व 12 के विद्यार्थी मौजूद रहे।

समाज उत्थान और महिला सशक्तिकरण पर चर्चा

राष्ट्रीय भार्गव महिला सभा की बैठक

अजमेर। राष्ट्रीय भार्गव महिला सभा की प्रथम कार्यकारिणी बैठक शनिवार को अजमेर में सम्पन्न हुई। बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से आई सभा की पदाधिकारी महिलाओं ने समाज के उत्थान और महिला सशक्तिकरण सहित अन्य विषय पर विस्तृत चर्चा की।

सभा की अजमेर अध्यक्ष व राष्ट्रीय महिला भार्गव सभा की सह सचिव पारूल भार्गव ने बताया कि बैठक में संगठन को मजबूत बनाने और सामाजिक सरोकारों से जुड़ने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक में संगठन के संचालन व सामाजिक कार्यों के लिए फंड एकत्र करने, समाज के युवक-युवतियों के लिए वैवाहिक परिचय सम्मेलन करने, युवा पीढ़ी के लिए कॅरियर काउंसलिंग सत्र आयोजित कराने तथा संगठन की कार्यप्रणाली को प्रभावी बनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमन भार्गव, सचिव राजश्री भार्गव, मधु, मीना, नीलू सहित विभिन्न शहरों से आई संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थी।





सार समाचार

एमडीएसयू परिसर में पक्षियों के लिए बांधे परिण्डे



अजमेर। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय में परिसर में कुलगुरु प्रोफेसर सुरेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से परिण्डे बांधे। विद्यार्थियों ने नियमित रूप से उनमें स्वच्छ पानी भरने तथा उनकी साफ-सफाई बनाए रखने का संकल्प भी लिया। विभागाध्यक्ष प्रो. सुब्रतो दत्ता ने आमजन से अपील की कि वे भी अपने घरों एवं आसपास के क्षेत्रों में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें जिससे इस भीषण गर्मी में उन्हें राहत मिल सके।

एमडीएसयू में काव्यधारा आयोजित



कार्स/अजमेर। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के वेदव्यास भवन स्थित शिक्षा विभाग में शनिवार को पांचवा सहगामी गतिविधियों के अंतर्गत काव्यधारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साहित्यकारों ने नसीहत, प्रेम, व्यंग्य और संवेदनाओं से ओत-प्रोत रचनाओं की प्रस्तुति दी। कवयित्री कविता जोशी ने शिक्षा के महत्व पर आधारित काव्य पाठ किया। इसके बाद विभिन्न कवियों एवं रचनाकारों ने कविताओं, गजलों और व्यंग्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक सरोकारों, युवाओं को प्रेरणा, प्रेम और समकालीन विषयों को प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त किया। विभागाध्यक्ष प्रो. सुभाष चंद्र ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सृजनात्मकता और संवेदनशीलता को विकसित करते हैं तथा उन्हें लेखन और साहित्य की ओर प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अंजु अग्रवाल ने किया। नेमीचंद तंवोली ने आभार जताया।

निजी सहायक संवर्ग ने मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

अजमेर। राजस्थान मंत्रालयिक वर्ग के निजी सहायक संवर्ग ने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया। प्रदेश महामंत्री कमलेश शर्मा ने ज्ञापन में बताया कि सभी संवर्गों की भांति इस संवर्ग को पांचवी पदोन्नति का अवसर प्रदान दिया जाए। निजी सचिव का वेतनमान भी एल-16 में 6600 किया जाए। साथ ही 30 जून को सेवानिवृत्ति पर सभी परिताभों में वेतनवृद्धि जोड़कर गणना करने सहित अन्य मांगें शामिल हैं। प्रदेश संगठन महामंत्री महेन्द्र कुमार तीर्थाणी ने बताया कि संख्या की दृष्टि से अधिक नहीं होने के कारण इन मांगों से राज्य सरकार पर भी अधिक आर्थिक भार नहीं होने वाला है।

लघु उद्योग भारती ने मनाया 33वां स्थापना दिवस



अजमेर। लघु उद्योग भारती ने 33वां स्थापना दिवस शनिवार को मनाया। समारोह के दौरान वरिष्ठ सदस्य जसराज बैजल ने अपने द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों स्वेटर, ग्रॉप टॉप्स, शटर्स, फुल, बूके, टेबल मैट्स, बेडशीट्स, नवजात शिशुओं के वस्त्र आदि का आकर्षक प्रदर्शन किया। महिला इकाई की अध्यक्ष सीए दिव्या सोमानी ने कहा कि इकाई का उद्देश्य प्रत्येक कला को प्रोत्साहन देना और हर उद्यमी को आगे बढ़ने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम में संरक्षक मुदुला मित्तल, सचिव शिल्पी जैन, कोषाध्यक्ष अनीता मोटवानी, डॉ. कल्पना दीक्षित और दीप्ति पुगा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

शर्मा अध्यक्ष व चौहान सचिव निर्वाचित



अजमेर। अजमेर जिला लघु उद्योग संघ के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुए। जिसमें अध्यक्ष राजेश शर्मा, उपाध्यक्ष वी.पी.सिंह, सचिव दिलावर चौहान, कोषाध्यक्ष नीरज सिंघल, सह सचिव अमित जैन सहित अन्य पदों पर मनोनीत किया गया।

विश्व पशु चिकित्सा दिवस

पशुपालकों ने पशु चिकित्सकों का किया सम्मान

बेजुबान पशुओं की सेवा करने का लिया संकल्प

कार्स/अजमेर। विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर शनिवार को, शास्त्री नगर स्थित पशुपालन विभाग परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आए प्रगतिशील पशुपालकों, विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान पशु चिकित्सकों की सेवा, पर्यावरण और मानवीय स्वास्थ्य के प्रति महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई। समारोह के दौरान उपस्थित पशुपालकों और विभिन्न समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने पशु चिकित्सकों की सेवाओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनका सम्मान किया। इस अवसर पर विभागीय स्टाफ ने भविष्य में भी पूरी निष्ठा और तत्परता के साथ बेजुबान पशुओं की सेवा करने का संकल्प लिया।

विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. नवीन परिहार ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पशु चिकित्सक पशुधन की रक्षा के साथ-साथ मानवीय स्वास्थ्य और पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। डॉ. परिहार ने पशु चिकित्सकों के धैर्य और कौशल की सराहना करते हुए प्रगतिशील पशुपालकों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और अपने पशुओं को रोगों से बचाने के लिए नियमित टीकाकरण करवाने का आह्वान किया।

कांग्रेस पर महिलाओं के साथ विश्वासघात करने का लगाया आरोप

कार्स/अजमेर। महिला आरक्षण को लेकर कांग्रेस नेताओं की बयानबाजी की निंदा करते हुए भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. अरविंद शर्मा ने अपने बयान में कहा कि लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े महत्वपूर्ण संविधान संशोधन बिल का समर्थन नहीं कर कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने देश की करोड़ों महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है। इस बिल का पारित होना देश की आधी आबादी को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम होता, लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने अपने संकीर्ण राजनीतिक हितों के चलते इस अवसर को समाप्त कर दिया। विपक्ष का बिल के खिलाफ वोटिंग करना यह दर्शाता है कि उनकी प्राथमिकताओं में महिला सशक्तिकरण नहीं, बल्कि राजनीति ही सर्वोपरि है। देश की महिलाएं इस अन्याय को भली-भांति समझती हैं और समय आने पर लोकतांत्रिक तरीके से इसका जवाब अवश्य देंगी।

नृत्य प्रस्तुतियों पर झूमे, देशभक्ति गीतों से दर्शकों में भरा जोश

देशभक्ति गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता



कार्स/अजमेर। सम्राट पृथ्वीराज चौहान जयंती समारोह समिति के तत्वावधान में 860वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में शनिवार को युवा कलाकारों ने देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सूचना केन्द्र के सभागार में आयोजित देशभक्ति गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता के अन्तर्गत शहर की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं ने भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। सेंट एन्सलम स्कूल की छात्राओं ने नृत्य प्रतियोगिता में तथा द मस्कॉट स्कूल के छात्र ने एकल गीत में प्रथम स्थान प्राप्त किया। समन्वयक कंवल प्रकाश किशनानी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सम्राट पृथ्वीराज चौहान के जीवन पर आधारित देशभक्ति गीत एवं सामूहिक नृत्य प्रस्तुतियां रहीं।

इलेक्ट्रिक सम्राट पृथ्वीराज चौहान का जीवन परिचय

प्रतिभागियों ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान के शौर्य, पराक्रम एवं मातृभूमि के प्रति समर्पण की गौरव एवं नृत्य के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। देशभक्ति गीतों की स्वर लहरियों और भावपूर्ण नृत्य ने उपस्थित दर्शकों में जोश और गर्व की भावना भर दी।

मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद के सरंक्षक सुरेश चंद्र गोयल ने सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्टेप एन्सल, द्वितीय गुरुकुल पब्लिक स्कूल बडल्या व तृतीय गुरुकुल पब्लिक स्कूल भगवानगंज रही। एकल गीत में प्रथम द मस्कॉट स्कूल, द्वितीय एस.के.एच. पब्लिक स्कूल व तृतीय जीनियस कॉन्वेंट सी.सै स्कूल रहे। युक्ता शर्मा, होतवंद मोरयानी निर्णायक रहे। संचालन शिव प्रसाद गौतम ने किया। विष्णु अवतार भार्गव ने आभार व्यक्त किया।

सम्राट पृथ्वीराज चौहान राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन लोहागल स्थित करणी स्पोर्ट्स एवं एडवेन्चर अकादमी परिसर में रविवार से किया जाएगा। दो दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रातः 10 बजे होगा।



डीडब्ल्यूपीएस में अंतर विद्यालय खेल प्रतियोगिता शुरू

अजमेर। डीडब्ल्यूपीएस विद्यालय परिसर में शनिवार से पांच दिवसीय अंतर विद्यालय स्पोर्ट्स चैंपियनशिप शुरू हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि करण सिंह चौहान स्कूल के (वाइस चेयरमैन) एवं प्रधानाचार्य भानु प्रताप पंत ने किया।

इस प्रतियोगिता में अजमेर के 15 विद्यालयों के 400 से अधिक छात्र-छात्राएं भाग ले रही है। इसका उद्देश्य बच्चों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेलों में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए प्रेरित करना है। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थी फुटबॉल, क्रिकेट, टेबल टेनिस, बास्केटबॉल, जिम्नास्टिक एवं ट्रैटिंग में अपना दमखम दिखाएंगे। प्रधानाचार्य पंत के अनुसार विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर कार्य करता है, जिसमें खेलों को अत्यधिक महत्व दिया जाता है। खेलों से विद्यार्थियों का मानसिक एवं शारीरिक संतुलन बना रहता है तथा उनके व्यक्तित्व का समग्र विकास होता है। कार्यक्रम के अंत में डीन एकेडमिक्स ममता भार्गव द्वारा सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं आयोजकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा निविदा सूचना दिनांक: 22.04.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, कोचिंग, प्रयागराज, उत्तर मध्य रेलवे, द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्र में पंजीय अनुभव एवं वित्तीय क्षमतावान प्रतिष्ठित ठेकेदारों से ई-निविदाएँ निविदा बंद होने की तिथि के 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं-

क्र.सं.	ई-निविदा सूचना संख्या	कार्य का अनुमानित लागत (रु. में)	बिड सिक्योरिटी
1	NCR-M-PRYJ-VB-PPL-01-26	₹ 1637065.21	₹ 32800

कार्य का नाम: वातिरि लाहन में म्यूनिटिक पाइपलाइन की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग करना।

निविदा सिस्टम: सिंगल पैकेट सिस्टम | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य

कार्य की अवधि: 06 माह | न्यूनतम पात्रता मानदंड: लागू नहीं है।

2	NCR-M-PRYJ-SRH-02-26	₹ 98,51,698.60	₹ 197000

कार्य का नाम: प्रयागराज डिवीजन पर कॉमेलट्रिक डिज़ाइन वाले रोलिंग इन/आउट परीक्षी हट का हाई स्पीड कैमरी और रोलिंग लाइटों के साथ प्रावधान।

निविदा सिस्टम: सिंगल पैकेट सिस्टम | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य

कार्य की अवधि: 72 माह | न्यूनतम पात्रता मानदंड: लागू है।

IREPS वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि: क्र. सं. 1 एवं 2 के लिये 22.04.2026

निविदा बंद होने की तिथि: क्र. सं. 1 एवं 2 के लिये 14.05.2026

नोट: 1. अपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) IREPS वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगा। 2. ऑनलाइन ई-निविदा केवल IREPS वेबसाइट पर निविदा बंद होने की तिथि के 15:00 बजे तक ऑनलाइन जमा की जा सकती हैं। 3. उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। 4. न्यूनतम पात्रता मानदंड: इस निविदा में लागू नहीं है। 5. किसी भी प्रकार की तकनीकि समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्पडेस्क से सम्पर्क किया जा सकता है।

901/26 (ADM)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

DNA 395073

विद्यार्थी समाज उत्थान के लिए उपयोग करें अपना अर्जित ज्ञान

भगवंत विश्वविद्यालय में वार्षिक समारोह आयोजित

कार्स/अजमेर। भगवंत विश्वविद्यालय में शनिवार को वार्षिक समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि उप अधीक्षक रामचन्द्र चौधरी रहे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपना अर्जित किया गया ज्ञान समाज के उत्थान के लिए उपयोग करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि आरपीएस मनीष बड़गूजर रहे।

विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर डॉ. वी. के. शर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि पास आउट होने वाला हर विद्यार्थी यूनिवर्सिटी का ब्रांड अम्बेसेडर है। प्रथम पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थी को बधाई एवं अगले साल फिर से ये स्थान हासिल करने के लिये कड़ी मेहनत एवं पढ़ाई जारी रखने होगी। उन्होंने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम के सलाहकार समिति की कार्यकारिणी के प्रबुद्ध सदस्य प्रो. आर.के. घई, प्रो. आर. के. माथुर, प्रो. ए.के.शर्मा, डॉ. सुधीर राजगुरु, डॉ. कोमल अलवानी, डॉ. सुनील तिवारी, डॉ. अमित चौधरी, डॉ. आर. पी. सिंह, डॉ. अमित कुमार मिश्रा एवं डॉ. मनोज शर्मा मौजूद रहे।



रैम्प पर दिखाया जलवा, एकल नृत्य प्रस्तुति

विद्यार्थियों ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद फैशन शो- राउण्ड प्रथम प्रस्तुत किया। इसमें रैम्प पर विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतिभाओं से अपने जलवे बिखेरे। विधि विभाग एवं फार्मेसी विभाग के टॉपर्स विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा पी. फाइनल के विद्यार्थियों ने अपने विद्यार्थीकाल के दौरान जिंजे जीवन मूल्यों, गुणों एवं परम्पराओं का निर्वहन किया गया, उसी विरासत को गरिमापूर्ण विधि से अपने अनुज विद्यार्थियों को सौंपा गया। मंच का संचालन डॉ. नीति मेहता एवं रेनू वरियानी ने किया। विद्यार्थियों में प्रिया डांगी, दीधिका साहू, नावेद खान, नकुल खत्री, देवांश सोनी, हितेश यादव, दीधिका साहू, सरोज, यशवर्धन, शिवराज, यशटेलर कुमकुम राठौड़, नाजमीन बानो, नंदिनी जादम, जूली यादव, रितिका शर्मा, प्रशांशी जोरम, कशिश साहू, शीन खान, निकिता मालानी, अर्जना पासवान शामिल रहे।

बैंक ऑफ बड़ौदा Bank of Baroda

शाखा- रेलवे कैम्पस, जिला- अजमेर (राजस्थान) फोन-0145-2432849, मोबाइल-8094007021 ईमेल: ralami@bankofbaroda.com

परिशिष्ट—IV [नियम 8(6) का परन्तुक देखें]

अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु ई—नीलामी विक्रय नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित नियम सहितको का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन प्रभार अधिकारी के सिक्रय हेतु ई—नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले, गिरवी रखने वाले और जमानती दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी / प्रभारित है, का हस्तांतरण, जहां प्रतिभूत लेनदार प्रभार अधिकार का प्रतिभूत अधिकारी द्वारा विक्रय किया है, नीचे दिये गये खाते में बकाया की वसूली के लिए 'जहां है, जैसी है, और जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जायेगा। ऋणपत्रि—दाता का विवरण, गिरवी रखने वाले, गारण्टर, सूचीत्त सम्पत्ती, बकाया, आरक्षित मूल्य, ई—नीलामी की तिथि एवं समय, अंतिम बकाया एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण निम्न तालिका/अनुसार होगा :

ऋणपत्रि, गिरवी रखने वाले एवं गारण्टरों के नाम एवं पते:- (1). श्री निर्मल शर्मा पुत्र श्री महेश शर्मा (अगली) बी—369, पंचशील नवलखाली रोड, अजमेर, जिला—अजमेर (राज.)—305001; (2) श्रीमती सुनीता शर्मा पत्नी श्री निर्मल शर्मा (सह—ऋणी) बी—369, पंचशील गवलखाली रोड, अजमेर, जिला—अजमेर (राज.)—305001.

बकाया:— दिनांक नोटिस दिनांक:- 04.12.2026, रु. 74,15,440.83 दिनांक 09.11.2026 तक ब्याज शामिल करते हुए। ब्याज बकाया शर्तें:- रु. 74,15,440.83 दिनांक 09.11.2025 तक ब्याज शामिल करते हुए आगे का ब्याज, लागत, शुल्क व अन्य वर्ष इत्यादि।

बकाई की स्थिति— सांकेतिक कब्जा

सम्पत्ती के निरीक्षण का दिनांक व समय: 22/06/2026, दोपहर 12.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक

बयोदर राशि जमा करवाने की अन्तिम दिनांक 03.06.2026 समय सायं 04.00 बजे तक।

अचल सम्पत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य (वित्तीय आस्तियों की बोली वृद्धि राशि)	ई—नीलामी की दिनांक व समय
श्रीमती सुनीता शर्मा पत्नी श्री निर्मल शर्मा की फ्लैट नं. 347—ई, हरिवंश एपार्टमेन्ट सरवर विस्तार, जिला—अजमेर (राज.) बिक्री के उपलब्ध रीकार्ड के अनुसार क्षेत्रफल 213.30 वर्गगज चौहद्दी:- पूर्व में - पुजारी जी, पश्चिम में:- रोड, उत्तर:- प्लॉट नं. 347—डी, दक्षिण में:- प्लॉट नं. 347—एफ जमा मात्र:- ज्ञात नहीं	आरक्षित मूल्य रु. 89,85,500 अंकित धनराशि रु. 8,98,560 बोली वृद्धि राशि रु. 25,000/-	04/06/2026 दोपहर 02.00 बजे से पूर्वा 04.00 बजे तक (अनेक 10 मिनट की अवधि समाप्तिपूर्व में वाम)

विक्रय के नियंत्रण और शर्तों के अधीन के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाईट अर्थात् https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm तथा Auction portal (https://BAANKNET.Com), इनके अलावा, सम्पत्ति भोगीयता शाखा से Ph. No. 0145-2432040, मो. 8094007021 पर पूछताछ कर सकते है। प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

दिनांक: 20/04/2026 स्थान: अजमेर

ई—प्रवर्तन हेतु स्कैन करें

DNJ-395040